सत्यमेव जयते

# भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई

# राजभाषा समाचार

## हिंदी का प्रभावी कार्यान्वयन एवं बढ़ता महत्व




## विशेषांक
## 2025

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
भा प अ कें
BARC
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

(सदैव ऊर्जावान; निरंतर प्रयासरत)

# राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाए रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे। हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

जय राजभाषा ! जय हिंद !

सत्यमेव जयते

# राजभाषा समाचार

# विशेषांक




## 2025

"राजभाषा समाचार" भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई में राजभाषा के क्षेत्र में की जा रही विविध गतिविधियों के प्रचार एवं प्रसार का एक माध्यम है।



सैयद इरफ़ान अली
उप निदेशक (राजभाषा)

# संपादक की कलम से...

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बी. ए. आर. सी.), मुंबई में हिंदी माह, 2025 के दौरान आयोजित विविध गतिविधियों पर आधारित "राजभाषा समाचार" का विशेषांक आपको प्रेषित करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है।

संपूर्ण माह तक चले इस राजभाषा उत्सव के आयोजन में भापअकें की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओलिक) और भापअ केंद्र राजभाषा समन्वय समिति का सक्रिय योगदान रहा। राजभाषा समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने राजभाषा माह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजित कुल 11 प्रतियोगिताओं में विगत वर्ष 2024 के प्रतिभागियों की संख्या 669 की तुलना में इस वर्ष के आयोजन में क्रमिक प्रगति दर्ज हुई। इस वर्ष कुल 755 पदाधिकारियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। यह संख्या इस बात का प्रमाण है कि केंद्र में पदाधिकारीगण अनुसंधान एवं विकास कार्यों के अतिरिक्त संघ की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के दायित्व का भी भली-भांति निर्वहन कर रहे हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रचार एवं प्रसार के माध्यम न केवल किसी संगठन में प्रचलित गतिविधियों को उजागर करते हैं बल्कि उन्हें एक अच्छे ढंग से प्रस्तुत भी करते हैं। संपूर्ण माह तक चले इस राजभाषा उत्सव में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। इस केंद्र के विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों में कार्यरत पदाधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ इनमें भाग लिया।

मैं आशा करता हूँ कि "राजभाषा समाचार" का यह विशेष अंक पाठकों के लिए सूचनाप्रद सिद्ध होगा। इस अंक के सफल प्रकाशन में सक्रिय योगदान देने के लिए श्री मनोज सिंह, अध्यक्ष, वैज्ञानिक सूचना संसाधन प्रभाग (एसआईआरडी) तथा श्री संजय कुमार सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी/एफ, प्रभारी, मुद्रण एवं बाइंडिंग सेक्शन को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। साथ ही, इस विशेषांक की इन हाउस डिज़ाइनिंग एवं मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु श्री निलेश एम. पोटे, वैज्ञानिक सहायक/एफ, एसआईआरडी और समर्पण के साथ मुद्रण कार्य देखने हेतु श्री शाहिद खान, वरिष्ठ तकनीशियन/एच, एसआईआरडी का विशेष आभार प्रकट करता हूं। पुनश्च, सहसा इस विशेषांक की संकल्पना करने और इसे निष्पादित करने में पूर्ण निष्ठा, लगन एवं समर्पित भावना के साथ अमूल्य योगदान करने हेतु हिंदी अनुभाग के सभी सहयोगियों का दिल से आभार।

विशेषांक "राजभाषा समाचार" के प्रकाशन का उद्देश्य केंद्र में पदाधिकारियों के बीच राजभाषा में कार्य करने हेतु एक सहज वातावरण विकसित करना और राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करना है। तथापि, पत्रिका प्रकाशन एक सतत प्रक्रिया है, अत: पाठकगण इसमें सुधार हेतु अपना बहुमूल्य सुझाव ई-मेल dd_ol@barc.gov.in पर प्रेषित सकते हैं।

(सैयद इरफ़ान अली)

# भापअ केंद्र, मुंबई को नराकास की राजभाषा शील्ड




## भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु नराकास की राजभाषा शील्ड

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई को संघ सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में प्रभावी एवं सर्वोत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2024-25 हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉउन ऑफिशियल लैंग्विज इम्प्लीमेंटेशन कमेटी), कोंकण रेलवे, नवी मुंबई की ओर से केंद्रीय कार्यालयों को दी जाने वाली "राजभाषा शील्ड" प्रदान की गई।

कोंकण रेलवे के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जो वर्तमान में, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष हैं, उनकी अध्यक्षता में दिनांक 19 नवंबर, 2025 को नराकास (टॉलिक), नवी मुंबई द्वारा सीबीडी, बेलापुर स्थित नराकास के कार्यालय में आयोजित 42वीं छमाही बैठक के अंतर्गत एक कार्यक्रम में भापअ केंद्र, मुंबई का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (प्रशासन) और उप निदेशक (राजभाषा) ने यह शील्ड ग्रहण की ।

भापअ केंद्र के सभी प्रभागों एवं अनुभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सक्रिय योगदान से राजभाषा के क्षेत्र में प्राप्त इस सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई।

# भापअकें, मुंबई में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति



**अध्यक्ष**
**विवेक भसीन**
निदेशक
भापअ केंद्र



**उपाध्यक्ष**
**के. जयकुमार**
नियंत्रक
भापअ केंद्र



**सदस्य**
**शैलेष कुमार जाखोटिया**
आंतरिक वित्त सलाहकार
भापअ केंद्र



**सदस्य**
**के. राजेश**
अध्यक्ष
कंप्यूटर प्रभाग



**सदस्य**
**मनोज सिंह**
अध्यक्ष
एसआईआरडी



**सदस्य**
**देवकी एस. शेट्टी**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
(प्रशासन)



**सदस्य**
**राजेश कुमार**
वै.अ./जी एवं
सचिव, भापअकें
राजभाषा समन्वय समिति



**सदस्य**
**डेनिस डिसूज़ा**
मुख्य सुरक्षा अधिकारी



**सदस्य-सचिव**
**सैयद इरफ़ान अली**
उप निदेशक (राजभाषा)

# भापअकें में गठित राजभाषा समन्वय समिति

(राजभाषा हिंदी के प्रचार एवं प्रसार हेतु भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई की एक आधिकारिक समिति)



**संरक्षक**
श्री विवेक भसीन
निदेशक, भापअ केंद्र



**सह-संरक्षक**
श्री के. जयकुमार
नियंत्रक, भापअ केंद्र



**अध्यक्ष**
डॉ. आर. तिवारी
निदेशक, पदार्थ वर्ग, भापअ केंद्र



**उपाध्यक्ष**
श्री मनोज सिंह
प्रभागाध्यक्ष, एसआईआरडी, भापअ केंद्र



**सचिव**
डॉ. राजेश कुमार
वैज्ञानिक अधिकारी/जी, भापअ केंद्र



**सह-सचिव**
डॉ. धीरज जैन
वैज्ञानिक अधिकारी/जी, भापअ केंद्र



**कोषाध्यक्ष**
श्री जितेश धमीजा
वैज्ञानिक अधिकारी/डी, भापअ केंद्र

## सदस्यगण



**श्रीमती नमिता सिंह**
वैज्ञानिक अधिकारी / जी
भापअ केंद्र



**श्री प्रवीण दुबे**
वैज्ञानिक अधिकारी / ई
भापअ केंद्र



**श्री प्रकाश कश्यप**
वैज्ञानिक सहायक / ई
भापअ केंद्र



**श्री अर्शद हुसैन**
सुरक्षा अधिकारी
भापअ केंद्र



**श्रीमती अभिलाषा आचरेकर**
तकनीशियन / एफ
भापअ केंद्र



**श्रीमती माधवी वर्तक**
सहायक फोरमैन
भापअ केंद्र

## पदेन सदस्य



**श्री सैयद इरफ़ान अली**
उप निदेशक (राजभाषा)
भापअ केंद्र

# भापअ केंद्र स्थित हिंदी अनुभाग के पदाधिकारीगण



**श्री सैयद इरफ़ान अली**
उप निदेशक (राजभाषा)



श्री कुमार अभिनव
वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी



श्री प्रमोद कुमार
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी



श्रीमती मंजु
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी



श्रीमती हर्षदा रेडकर
प्रवर श्रेणी लिपिक



श्री राजेश मराठे
प्रवर श्रेणी लिपिक



श्रीमती मधुमती राऊळ
प्रवर श्रेणी लिपिक



श्रीमती प्रतिभा डोळे
कार्य सहायक/ए



श्री सुरेश बाबू ई.
कार्य सहायक/सी

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र



सेंट्रल कॉम्प्लेक्स ट्रॉम्बे,
मुंबई 400 085
14 सितम्बर, 2025

## संदेश

**हिंदी दिवस-14 सितंबर, 2025**

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर मेरी ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को सर्वसम्मति से हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। इस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रति वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

सूचना एवं जनसंचार के माध्यमों से सतत विकास के साथ-साथ हिंदी का प्रयोग आज व्यापक स्तर पर किए जाने लगा है। अब, यह न केवल जन-जन की भाषा बन गई है बल्कि विदेशों में भी अपनी पैठ जमाते हुए लोकप्रिय हो रही है। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग निरंतर तेज़ी से बढ़ रहा है। अपने केंद्र में भी हिंदी के प्रचार-प्रसार और दैनिक प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परंतु, इसमें और अधिक वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए, यह ज़रूरी है कि हम हिंदी का प्रयोग सरल, सुबोध एवं सहज रूप में करें।

हम, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में, हिंदी के संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी लक्ष्यों को तो प्राप्त कर ही रहे हैं तथापि, इसे सतत बनाए रखना आवश्यक है। इसे बनाए रखने के लिए यह आवश्यक होगा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपना दैनंदिन एवं नेमी प्रकृति के कार्य अधिक से अधिक हिंदी में करें। इससे, सांविधिक बाध्यताएं पूरी होंगी और राजभाषा हिंदी को यथोचित स्थान प्राप्त हो सकेगा।

साथियों, इस वर्ष हम अपने केंद्र में 14 सितंबर से 13 अक्तूबर, 2025 तक हिंदी माह मना रहे हैं। इसके अंतर्गत, हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आप सभी से मेरी अपील है कि इनमें अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में गठित राजभाषा कार्यान्वय समिति (ओलिक) अपने केंद्र में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विशेष कदम उठा रही है। "भापअकें राजभाषा समन्वय समिति" राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सुचारू रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

कंप्यूटर प्रभाग, भापअ केंद्र ने भी हिंदी में कार्यनिष्पादन को सरल बनाने के लिए "अनुवादक" टूल विकसित किया है, जो अंग्रेज़ी से हिंदी और इसके विपरीत अनुवाद उपलब्ध कराने में समर्थ है। इंट्रानेट एप्लीकेशनों में हिंदी की दृश्यता बढ़ाने की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है।

वैज्ञानिक सूचना संसाधन प्रभाग (एसआईआरडी) द्वारा केंद्र की हिंदी वेबसाइट को नए रूप में लांच किया गया है। केंद्र के विभिन्न प्रकाशनों तथा न्यूज़लेटर इत्यादि में हिंदी में लेख, सारांश और राजभाषा समाचार को जोड़ने का विशेष कार्य किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, राजभाषा संबंधी निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तथा राजभाषा के कार्य को सुगम बनाने हेतु केंद्र के प्रत्येक वर्ग/प्रभाग/स्वतंत्र अनुभागों में कुल 98 राजभाषा नोडल अधिकारियों को पदनामित किया गया है।

आइए, हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर संकल्प लें कि हम हिंदी को आगे बढ़ाएंगे, इसका प्रचार एवं प्रसार करेंगे और एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करने में अपना योगदान देंगे ।

जय हिन्द ।

विवेक भसीन

(विवेक भसीन)
निदेशक, भा.प.अ. केंद्र एवं
अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भा.प.अ. केंद्र

# हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी की झलकियां











# हिंदी पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी



हिंदी माह के उपलक्ष्य में, वैज्ञानिक सूचना संसाधन प्रभाग (एसआईआरडी) ने एक विशेष अभियान के तहत भापअ केंद्र स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में दिनांक 15/09/2025 को हिंदी पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

दिनांक 15/09/2025 से 30/09/2025 तक की अवधि के लिए आयोजित इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन डॉ. शकुंतला, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं सह निदेशक, भौतिकी वर्ग, भापअ केंद्र के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर, डॉ. ए. के. दुरेजा, सह-निदेशक, ज्ञान प्रबंधन वर्ग, डॉ. सौम्यकांति अधिकारी, पूर्व वर्ग निदेशक, ज्ञान प्रबंधन वर्ग एवं होमी सेठना चेयर, भापअ केंद्र राजभाषा समन्वय समिति के पदाधिकारीगण, राजभाषा अनुभाग के पदाधिकारीगण तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हिंदी माह के अंतर्गत पदाधिकारियों में हिंदी पुस्तकों के पठन की रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष पुस्तक प्रदर्शनी में विविध विषयों पर हिंदी में लिखित वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य, हिंदी साहित्य, शब्दकोश, हिंदी की पत्र-पत्रिकाओं सहित विविध विधाओं की हिंदी पुस्तकों को वर्गीकृत एवं क्रमबद्ध श्रृंखला में रखते हुए सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस प्रकार, पुस्तकों के वर्गीकरण एवं क्रमबद्ध व्यवस्था और प्रदर्शनी के भव्य आयोजन में एसआईआरडी पुस्तकालय के पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इस प्रदर्शनी में विशिष्ट रूप से खरीदे गए 55 नए हिंदी पुस्तकों को भी प्रदर्शित किया गया।

केंद्र में कार्यरत पदाधिकारियों ने इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में हिंदी पुस्तकों को पुस्तकालय से निर्गत करवाकर या पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष में ही बैठकर अध्ययन किया। पाठकों ने अपनी लिखित प्रतिपुष्टि में प्रदर्शनी के सुव्यवस्थित आयोजन, पुस्तकों के संग्रहण आदि की सराहना करते हुए प्रति वर्ष इसके सतत आयोजन हेतु आग्रह किया।



# हिंदी माह - 2025 के उद्घाटन सत्र की झलकियां

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
भा प अ कें
BARC
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

















# हिंदी माह - 2025 उद्घाटन सत्र



भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई में दिनांक 16/09/2025, मंगलवार को हिंदी माह-2025 का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर, डॉ. आर. तिवारी, निदेशक, पदार्थ वर्ग एवं अध्यक्ष, भापअकें राजभाषा समन्वय समिति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने अभिभाषण में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी देश की प्रगति में भाषा की अहम भूमिका होती है। हमें इस बात से गौरव महसूस करना चाहिए कि हमारी राजभाषा हिंदी विस्तृत शब्द भंडार के साथ स्पष्ट अभिव्यक्ति वाली वैज्ञानिक भाषा है। विज्ञान का उद्देश्य सामान्य जनता के हित में ज्ञान का विकास करना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों, तकनीकीविदों, शोधकर्ताओं आदि को इस बात पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है कि ये वैज्ञानिक प्रयास के परिणाम जनता तक पहुंचे जिसका माध्यम हमारी अपनी राष्ट्र भाषा हिंदी होनी चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में, एक माह तक चलने वाले हिंदी के उत्सव में सभी को भागीदार बनने की अपील की और दैनंदिन कार्यालयीन कार्य हिंदी में करते हुए देश के भाषाई विकास में योगदान देने का आग्रह किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में इस समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती देवकी एस शेट्टी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (प्रशासन) ने हिंदी के संवैधानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की राजभाषा होने के नाते, हम सभी का दायित्व है कि हम अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में करें। अपने स्तर पर लिखी जाने वाली नोटिंग, पत्र आदि हिंदी में लिखते हुए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद हेतु केंद्र के कंप्यूटर प्रभाग द्वारा विकसित अनुवाद टूल ANUVADAK (अनुवादक) का उपयोग करें।

इस अवसर पर, उपस्थित श्रोताओ को संबोधित करते हुए श्री सैयद इरफ़ान अली, उप निदेशक (राजभाषा) ने हिंदी माह के दौरान चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और सभी से इसमें बड़ी संख्या में भाग लेने हेतु आग्रह किया। उन्होंने आगे जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा परमाणु ऊर्जा विभाग को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए "राजभाषा कीर्ति" पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई दी और राजभाषा के क्षेत्र में अपनी ओर से योगदान करने हेतु अपील की।

हिंदी माह-2025 के उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर " बस एक मिनट/ आशुभाषण" प्रतियोगिता के निर्णायकगण श्री राजेश कुमार मिश्र, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, आरएसडी और श्री विनय भारद्वाज, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, सीडीएम ने मंच को सुशोभित किया।

इससे पूर्व, भापअकें राजभाषा समन्वय समिति के कोषाध्यक्ष श्री जितेश धमीजा, वैज्ञानिक अधिकारी/डी, ईएसजी ने कार्यक्रम का संचालन किया और हिंदी दिवस (14 सितंबर, 2025) के उपलक्ष्य में केंद्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार और अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग एवं सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा जारी संदेशों का वाचन किया।

# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं

## 1. बस एक मिनट/ आशुभाषण




दिनांक 16/09/2025, मंगलवार को अति रोचक विषयों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में पदाधिकारियों ने लॉटरी के माध्यम से प्राप्त विषय पर आशुभाषण प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों में तत्काल प्राप्त विषय पर हिंदी में भाषण देने की कला विकसित हुई और श्रोतागण के ज्ञान में वृद्धि हुई।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 32 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 39 हो गई।

✤ निर्णायकगण : श्री राजेश कुमार मिश्र, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, आरएसडी और श्री विनय भारद्वाज, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, सीडीएम





## 2. हिंदी से बढ़ाएं मेल




दिनांक 18/09/2025, गुरुवार को आयोजित यथा नाम तथा गुण वाली इस आकर्षक प्रतियोगिता में कार्य सहायक, वाहन चालक, तकनीशियन और सुरक्षा कर्मी शामिल हुए जिन्हें संकेतों को शब्दों में ढालना, मुहावरे एवं लोकोक्तियों के अर्थ बताना, शब्द अंत्याक्षरी, चित्र आदि दिखाकर प्रश्न पूछना जैसे क्रियाकलाप कराए गए। इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास जगा और हिंदी में उत्तर देने की क्षमता बढ़ी। इस प्रतियोगिता से भारी संख्या में उपस्थित श्रोतागण भी लाभान्वित हुए।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 49 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 66 हो गई।

✤ निर्णायकगण : श्री राजीव गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी / एफ, एसआईआरडी

✤ संचालक : डॉ. धीरज जैन, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, आरपीसीडी





# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं

## 3. हिंदी निबंध लेखन

दिनांक 19/09/2025, शुक्रवार को भाषाई वर्गीकरण के अनुसार क्षेत्र 'क' 'ख' एवं 'ग' के प्रतिभागियों के लिए अलग- अलग आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को निबंध लिखने के लिए तीन विषयों का विकल्प दिया गया। ये विकल्प थे -

(I) क-वर्ग: हिंदी: डिजिटल क्रांति की शक्ति एवं संभवनाएं
(ii) ख-वर्ग: छूटते गांव-बिछड़ते परिवार
(iii) ग-वर्ग: भारतीय ऊर्जा सुरक्षा में नाभिकीय ऊर्जा का महत्व




प्रतिभागियों ने अपने अध्ययन और रुचि के अनुसार निबंध लिखा।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 64 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 74 हो गई।

✤ निर्णायकगण : डॉ. कुलवंत सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी/एच, एमएसडी और श्री एस. के. सिन्हा, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, डीआरएचआर









## 4. स्वरचित काव्य पाठ

दिनांक 22/09/2025, सोमवार को आयोजित इस वर्ष के स्वरचित काव्य पाठ का विषय "नहीं झुकेगा तिरंगा" निर्धारित किया गया। प्रतिभागियों ने तिरंगे की शान में काव्य सृजन किया और प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों की कविताएं दिल को छूने के साथ देशभक्ति और स्वाभिमान से ओत-प्रोत थीं। दर्शकों ने प्रस्तुतकर्ताओं को काफी सराहा और उन्हें प्रोत्साहित किया।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 28 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 37 हो गई।

✤ निर्णायकगण : डॉ. अमृत प्रकाश, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, एनएफजी और श्री गोपाल पी. वर्मा, तकनीकी अधिकारी/ई, एचपीडी





# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं




## 5. हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन

दिनांक 24/09/2025, बुधवार को भाषाई वर्गीकरण के अनुसार क्षेत्र ‘क’ ‘ख’ एवं ‘ग’ के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग आयोजित हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ दैनंदिन कार्यों में उपयोग किए जाने वाले शब्दों, वाक्यों और विविध विषयों पर टिप्पण एवं आलेखन लिखकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 51 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, अब यह संख्या बढ़कर 77 हो गई।

✤ निर्णायकगण : श्रीमती शाहीन सैयद, उप लेखा नियंत्रक, लेखा प्रभाग और डॉ. राजकुमार झा, उप स्थापना अधिकारी, कार्मिक प्रभाग





## 6. श्रुतलेखन

दिनांक 26/09/2025, शुक्रवार को भाषाई वर्गीकरण के अनुसार क्षेत्र 'क' 'ख' एवं 'ग' के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। पूर्व में यह प्रतियोगिता केवल भाषाई वर्ग ख एवं ग के लिए आयोजित की जाती रही है परंतु प्रतिभागियों की विशेष मांग पर इस वर्ष इसका विस्तारण वर्ग-क के लिए भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। तीनों वर्गों के लिए उनके स्तर के अनुसार अलग-अलग श्रुतलेखन दिए गए। प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी भाषाई पकड़ का परीक्षण किया।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 104 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 141 हो गई।




✤ निर्णायकगण : डॉ. सुधांशु सक्सेना, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, एफटीडी, श्री अंकुर कौशिक, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, एचटीआरएस और श्रीमती चित्रा जाधव, उप स्थापना अधिकारी, कार्मिक प्रभाग

✤ संचालक : डॉ. धीरज जैन, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, आरपीसीडी और श्री कुमार अभिनव, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग





# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं

## 7. त्रुटि मिटाओ ज्ञान जुटाओ




दिनांक 29/09/2025, सोमवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को एक कहानी की मुद्रण प्रति दी गई। प्रतिभागियों को प्रस्तुत कहानी में से वर्तनी, शब्द और वाक्य रचना से संबंधित 50 अशुद्धियों को पहचानकर उनकी सही वर्तनी और रूप लिखना था।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 63 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, अब यह संख्या बढ़कर 69 हो गई।

✤ निर्णायक : श्री कुमार अभिनव, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग





## 8. हिंदी प्रश्न-मंच




दिनांक 08/10/2025, बुधवार को आयोजित हिंदी प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में प्रत्येक 05 सदस्यों वाली कुल 23 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों से सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाएं, कला, संस्कृति, साहित्य, संगीत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पऊवि गतिविधियां, भारत का संविधान एवं राजभाषा, खेल एवं मनोरंजन जगत संबंधी विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम का स्वरूप इस प्रकार का रखा गया था कि प्रतिभागियों के साथ दर्शकों की भी सक्रिय प्रतिभागिता रही और मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धन हुआ। प्रतिभागियों ने पहले से तैयारी कर रखी थी और सवालों के जवाब देने हेतु सक्रिय, सजग एवं तत्पर थे।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 80 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, अब यह संख्या बढ़कर 115 हो गई।

✤ संचालक : डॉ. धीरज जैन, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, आरपीसीडी





# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं




## 9. हिंदी टंकण (कंप्यूटर पर)

दिनांक 10/10/2025, शुक्रवार को आयोजित हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कंप्यूटर पर हिंदी में टंकण करने के लिए 10 मिनट का एक अनुच्छेद दिया गया। अलग- अलग समय में आयोजित इस प्रतियोगिता हेतु पदाधिकारियों ने पहले से हिंदी टंकण की अभ्यास कर रखी थी और बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

✤ पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में 36 पदाधिकारियों ने भाग लिया था, अब यह संख्या बढ़कर 47 हो गई।

✤ निर्णायकगण : श्रीमती मधुमति राऊल, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग





## 10. लोगो प्रतियोगिता




"भापअकें राजभाषा समन्वय समिति" के उद्देश्य, कार्य एवं राजभाषा हिंदी में प्रचार प्रसार हेतु दिए जा रहे योगदान को रेखांकित करने हेतु आयोजित प्रतीक चिह्न (Logo) डिज़ाइन प्रतियोगिता में कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इसे डिज़ाइन करने में अपनी सृजनात्मकता को दर्शाया।



✤ परिणाम : इस प्रयोजन हेतु गठित चयन समिति ने सर्वश्रेष्ठ तीन (03) लोगो/प्रतीक चिह्न का चयन किया।

# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं

## 11. हिंदी एकल गायन (प्रथम चरण)




यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। दिनांक 06/10/2025 को आयोजित पहले चरण में कुल 100 प्रतिभागियों ने अपने पसंद के गाने गाकर श्रोतागण का मनोरंजन किया। श्रोताओं ने इस प्रतियोगिता से न केवल गीत के शब्द और उसकी गहराई को समझने की कोशिश की बल्कि बोल, संगीत एवं धुन का भी उसी अंदाज़ में लुत्फ़ उठाया। प्रतिभागियों ने हिंदी के सदाबहार नए – पुराने गीत गाकर समां बांध दिया।



प्रथम चरण के 100 प्रतिभागियों में से श्रेष्ठ 16 प्रतिभागियों को अंतिम चरण में गायन हेतु चयनित किया गया।

✤ प्रथम चरण के निर्णायकगण :

1. श्रीमती संचिता बैनर्जी, संगीत शिक्षक, पऊ केंद्रीय विद्यालय - 1, अणुशक्तिनगर, मुंबई
2. श्री नागराज सुब्रमण्यम, संगीत शिक्षक, पऊ केंद्रीय विद्यालय - 4, अणुशक्तिनगर, मुंबई
3. श्री अमूल्य रैना, वैज्ञानिक अधिकारी/ई, यूईडी

## हिंदी एकल गायन (अंतिम चरण)




इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में चयनित श्रेष्ठ 16 प्रतिभागियों के लिए अंतिम चरण की गायन प्रतियोगिता दिनांक 13/10/2025 को आयोजित की गई जो एक ग्रांड फिनाले रही। श्रोताओं से खचाखच भरे सभागार में 16 प्रतिभागियों ने अपने मधुर गीतों से सभी का मनोरंजन किया और गायन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए।

✤ अंतिम चरण के निर्णायकगण :

1. श्री रंजन कुमार, पूर्व सह-निदेशक, टीएसडी, भापअकें
2. श्री श्रवण कुमार, मुंबई शहर के जाने माने गायक हैं। दृष्टि बाधित होने के बावजूद, वे इस क्षेत्र में अपनी महारत रखते हैं। श्री श्रवण कुमार दोहरी आवाज़ (महिला एवं पुरुष) में गाने में निपुण हैं और उन्होंने श्रोतागण की फरमाइश पर इसका प्रदर्शन किया। श्रोताओं ने उनकी इस कला के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



# हिंदी माह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताएं

## हिंदी प्रतियोगिताओं में भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन

हिंदी माह के दौरान केंद्र में राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार को बढ़ावा देने और इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता बढ़ाने के सदुद्देश्य से प्रतियोगिता स्थल पर ही लॉटरी के माध्यम से प्रतिभागिता पुरस्कारों की घोषणा की गई। प्रतिभागिता पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के अनुपात के आधार पर की गई। इससे प्रतिभागियों में रुचि उत्पन्न हुई और प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी ने लॉटरी के माध्यम से घोषित प्रतिभागिता पुरस्कारों हेतु अपना भाग्य आज़माया।





भापअ केंद्र **स्थित** विभिन्न माध्यमों से हिंदी प्रतियोगिताओं का प्रचार एवं प्रसार

## प्रतियोगिताओं के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य



हिंदी माह के दौरान इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के पीछे का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों को राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना रहा। ये प्रतियोगिताएँ, पदाधिकारियों में व्याप्त हिंदी लेखन एवं संप्रेषण की त्रुटियों और शब्दों के चयन के लिए रुकावट जैसी झिझक को दूर करने में सफल रहीं।

इन प्रतियोगिताओं में, हिंदी भाषी पदाधिकारियों के साथ हिंदीतर भाषी पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में भागीदारी प्रशंसनीय है।




| क्र. | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन की तिथि | कुल प्रतिभागियों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2024 | 2025 |
| 1. | हिंदी श्रुतलेखन | 26.09.2025 | 104 | 141 |
| 2. | हिंदी निबंध लेखन | 19.09.2025 | 64 | 74 |
| 3. | हिंदी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन | 24.09.2025 | 77 | 51 |
| 4. | हिंदी टंकण | 10.10.2025 | 47 | 36 |
| 5. | त्रुटि मिटाओ ज्ञान जुटाओ | 29.09.2025 | 69 | 63 |
| 6. | हिंदी से बढाएं मेल | 18.09.2025 | 49 | 66 |
| 7. | बस एक मिनट | 16.09.2025 | 39 | 32 |
| 8. | हिंदी काव्य पाठ | 22.09.2025 | 37 | 28 |
| 9. | प्रारंभिक चरण-एकल गायन | 06.10.2025 | 87 | 100 |
| 10. | हिंदी प्रश्नमंच | 08.10.2025 | 80 | 115 |
| 11. | अंतिम चरण- एकल गायन | 13.10.2025 | 16 | 16 |
| 12. | राभासस हेतु प्रतीक चिह्न (Logo) डिज़ाइन | | - | 33 |
| | | कुल प्रतिभागियों की संख्या | 669 | 755 |

# हिंदी माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम

| क्र | नाम (सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री/डॉ.) | पदनाम | अनुभाग/प्रभाग | पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|
| **(1) प्रतियोगिता का नाम : बस एक मिनट तिथि : 16.09.2025** | | | | |
| **{वर्ग-क}** | | | | |
| 1. | अनुज सिंह | प्रवर श्रेणी लिपिक | लेखा | प्रथम |
| 2. | शशांक पांडे | वैज्ञानिक अधिकारी/सी | डब्ल्यूएमडी | |
| 3. | अक्षिव गोयल | वैज्ञानिक अधिकारी/डी | ईडी | द्वितीय |
| 4. | मोहित कुमार | कार्य सहायक/ ए | एसईसीटीडी | तृतीय |
| 5. | कपिल देव गुप्ता | वैज्ञानिक सहायक/एफ | टीएसडी | सांत्वना |
| **{वर्ग-ख}** | | | | |
| 1. | सुनिल अंगरख | तकनीशियन/एफ | एसआईआरडी | प्रथम |
| 2. | संतोष जी. ठोंबरे | वैज्ञानिक अधिकारी/डी | ईडी | द्वितीय |
| 3. | प्रदीप अनंत पवार | वरिष्ठ तकनीशियन/एच | सीडीएम | तृतीय |
| 4. | एन. एस. पवार | सहायक फोरमैन | एसआईआरडी | सांत्वना |
| 5. | प्रशांत वरळीकर | वरिष्ठ तकनीशियन/एच | सीडीएम | |
| **{वर्ग-ग}** | | | | |
| 1. | रंजीत आर. | वरिष्ठ कार्य सहायक/ए | एसआईआरडी | प्रथम |
| 2. | अनिल अलिचेट्टी | निजी सचिव | ईडी | द्वितीय |
| 3. | श्रीजा के. | वरि. तकनीशियन/जे | आरएसएसडी | तृतीय |

**(2) प्रतियोगिता का नाम : हिंदी से बढ़ाएं मेल तिथि : 18.09.2025**
**{वर्ग-कार्य सहायक, तकनीशियन, ड्राइवर एवं सुरक्षा गार्ड}**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सदफ तौहीद | कार्य सहायक/ए | कार्मिक | प्रथम |
| | मयुर म्हात्रे | कार्य सहायक/बी | कार्मिक/स्था.-VI | |
| | मीर हबीब | कार्य सहायक/ए | कार्मिक | |
| 2. | विजय शेळके | फोरमैन/बी1 | टीपीडी | द्वितीय |
| | निशा भद्रिगे | फोरमैन/सी | एफटीडी | |
| | मुरली नायर | तकनीशियन/जी | सीडीएम | |
| 3. | ज्योती पंडा | तकनीशियन/एफ | एसआईआरडी | द्वितीय |
| | निधि पांडे | तकनीशियन/डी | एमएसडी | |
| | कुमुद नारायण | कार्य सहायक/ए | एचडब्ल्यूडी | |
| 4. | मनोज खेडेकर | फोरमैन/बी | एसआईआरडी | तृतीय |
| | अरुण कुमार यादव | तकनीशियन/सी | एचएलयूडी | |
| | नीलेश जायसवाल | तकनीशियन/जी | एचएलयूडी | |
| 5. | गरिमा साहु | तकनीशियन/डी | एएमएमडी | सांत्वना |
| | निकिता अवारे | तकनीशियन/डी | एएमएमडी | |
| | अर्पिता मंडल | तकनीशियन/एफ | एएमएमडी | |

**(3) प्रतियोगिता का नाम : निबंध लेखन तिथि : 19.09.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **{वर्ग-क}** | | | | |
| 1. | मोहित कुमार | कार्य सहायक/ए | एसईसीटीडी | प्रथम |
| 2. | हार्दिक वर्मा | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-I | द्वितीय |
| 3. | ज्योती पंडा | तकनीशियन/डी | एसआईआरडी | तृतीय |
| 4. | वंदना राजभर | कार्य सहायक/ए | पेंशन प्रशासन | सांत्वना |
| **{वर्ग-ख}** | | | | |
| 1. | अक्षता सावंत | वैज्ञानिक सहायक/बी | एनएबीटीडी | प्रथम |
| 2. | प्रियांका आगवणे | तकनीशियन/एफ | एसआईआरडी | द्वितीय |
| 3. | पलाश लेंडे | कार्य सहायक/ए | पीडी | तृतीय |
| 4. | संतोष दिघे | वैज्ञानिक सहायक/ई | सीडीएम | सांत्वना |
| **{वर्ग-ग}** | | | | |
| 1. | रितीशा शेट्टीगर | प्रवर श्रेणी लिपिक | लेखा/वेतन II | प्रथम |
| 2. | माधव नायडु | तकनीकी अधिकारी/डी | एसआईआरडी | द्वितीय |
| 3. | सिद्राम यलगेटी | फोरमैन/ए | एचएलयूडी | तृतीय |
| 4. | अर्पिता मंडल | तकनीशियन/एफ | एएमएमडी | सांत्वना |

**(4) प्रतियोगिता का नाम: काव्य पाठ(स्व-रचित) तिथि : 22.09.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **{वर्ग-क}** | | | | |
| 1. | कांक्षी सिंह | कार्य सहायक/ए | एसईसीटीडी | प्रथम |
| 2. | अनुज सिंह | प्रवर श्रेणी लिपिक | लेखा | द्वितीय |
| 3. | अभय यादव | कार्य सहायक/ए | कंप्यूटर प्रभाग | तृतीय |
| 4. | अनिल कुमार | श्रेणी-I प्रशिक्षु | - | सांत्वना |
| **{वर्ग-ख}** | | | | |
| 1. | एन. डी. जाधव | वैज्ञानिक सहायक/एफ | ईडी एंड डीडी | प्रथम |
| 2. | संतोष जी. ठोंबरे | वैज्ञानिक अधिकारी/डी | ईडी | द्वितीय |
| 3. | प्रियांका आगवणे | तकनीशियन/एफ | एसआईआरडी | तृतीय |
| 4. | विक्रांत फंड | वरि. तकनीशियन/एच | ईडी एंड डीडी | सांत्वना |
| **{वर्ग-ग}** | | | | |
| 1. | सी. के. महाता | फोरमैन/डी | बीएससीएस | प्रथम |
| 2. | रंजित आर. | वरिष्ठ कार्य सहायक/ए | एसआईआरडी | द्वितीय |
| 3. | श्रीजा के. | वरि. तकनीशियन/जे | आरएसएसडी | तृतीय |

**(5) प्रतियोगिता का नाम : टिप्पण एवं प्रारूप लेखन 24.09.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **{वर्ग-क}** | | | | |
| 1. | राजीव रंजन | कार्य सहायक/ए | भर्ती -IV | प्रथम |
| 2. | प्रशांत कुमार अंशु | सहा. कार्मिक अधिकारी | भर्ती-V | द्वितीय |
| 3. | शुभम कुमार | प्रवर श्रेणी लिपिक | स्था.-VIII | तृतीय |
| 4. | राहुल शर्मा | तकनीशियन/जी | एचडब्ल्यूडी | सांत्वना |
| **{वर्ग-ख}** | | | | |
| 1. | तृप्ती शेट्ये | प्रवर श्रेणी लिपिक | स्था.-VIII | प्रथम |
| 2. | प्रिया साटम | निजी सचिव | लेखा/वेतन | द्वितीय |
| 3. | निलाक्षी गायकवाड | सहा. लेखाकार | लेखा/वेतन-III | तृतीय |
| 4. | आशियाना कुरेशी | प्रवर श्रेणी लिपिक | कार्मिक/भर्ती-I | सांत्वना |
| **{वर्ग-ग}** | | | | |
| 1. | मर्लिन डिसूज़ा | सहायक | भर्ती-V | प्रथम |
| 2. | रितीशा शेट्टीगर | प्रवर श्रेणी लिपिक | लेखा/वेतन II | द्वितीय |
| 3. | साई प्रणहिता बी. | प्रवर श्रेणी लिपिक | स्था.-VIII | तृतीय |
| 4. | वी. वैथीश्वरन | सहायक | एमडी | सांत्वना |

**(6) प्रतियोगिता का नाम : श्रुतलेखन तिथि : 26.09.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **{वर्ग-क}** | | | | |
| 1. | हार्दिक वर्मा | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-I | प्रथम |
| 2. | प्रांजुल शर्मा | कार्य सहायक/ए | भर्ती-II | द्वितीय |
| 3. | डॉ. बाल गोविंद वत्स | वैज्ञानिक अधिकारी/एफ | एफसीडी | तृतीय |
| 4. | प्रज्ञा पटेल | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-II | सांत्वना |
| **{वर्ग-ख}** | | | | |
| 1. | माधवी पवन शर्मा | वैज्ञानिक सहायक/एफ | ईएमएआईडी | प्रथम |
| 2. | लोकेश बावस्कर | श्रेणी-II प्रशिक्षु | एफआरडी | द्वितीय |
| 3. | संदीप शिर्के | सहा. कार्मिक अधिकारी | आरएमडी | तृतीय |
| 4. | नितीन वाघमारे | वैज्ञानिक सहायक/ई | सीएमएस | सांत्वना |
| **{वर्ग-ग}** | | | | |
| 1. | कविता के. | प्रवर श्रेणी लिपिक | नियंत्रक का कार्यालय | प्रथम |
| 2. | रेखा एच. पिल्लई | वैज्ञा.सहायक/जी | ईआरएमएस | द्वितीय |
| 3. | मधुलिका अंदविल्ली | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-I | तृतीय |
| 4. | निमिता पुजारी | प्रवर श्रेणी लिपिक | टीसी एंड टीएससी | सांत्वना |

# हिंदी माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम

**(7) प्रतियोगिता का नाम : त्रुटि मिटाओ-ज्ञान जुटाओ 29.09.2025**

**{वर्ग-ख}**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | माधवी शर्मा | वैज्ञानिक सहायक/एफ | ईएमएआईडी | प्रथम |
| 2. | बी. एच. खोकले | वैज्ञानिक सहायक/एफ | सीडी | द्वितीय |
| 3. | नेहा शिरावळे | कार्य सहायक/ए | वेतन अनु- IV | तृतीय |
| 4. | लोकेश बावस्कर | श्रेणी-II प्रशिक्षु | एफआरडी | सांत्वना |

**{वर्ग-ग}**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कविता के. | प्रवर श्रेणी लिपिक | नियंत्रक का कार्यालय | प्रथम |
| 2. | साई प्रणहिता बी. | प्रवर श्रेणी लिपिक | कार्मिक/स्था.-VIII | द्वितीय |
| 3. | मर्लिन डिसूज़ा | सहायक | कार्मिक/भर्ती-V | तृतीय |
| 4. | माधव नायडु | तक.अधिकारी/डी | एसआईआरडी | सांत्वना |

**(8) प्रतियोगिता का नाम : हिंदी प्रश्नमंच तिथि : 08.10.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशांत कुमार अंशू | सहा.कार्मिक अधिकारी | भर्ती-V | प्रथम |
| | किंजल नाईक | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-V | |
| | राजीव रंजन | कार्य सहायक/ए | भर्ती -IV | |
| | जयराम कुमार | कार्य सहायक/ए | आरएसएसडी | |
| | वी. वैथीश्वरन | सहायक | आयुर्विज्ञान प्रभाग | |
| 2 | हार्दिक वर्मा | प्रवर श्रेणी लिपिक | भर्ती-I | द्वितीय |
| | पलाश लेंडे | कार्य सहायक/ए | पीडी | |
| | गोपाल चंद्र भंडारी | कार्य सहायक/ए | पीडी | |
| | सचिन कुमार | कार्य सहायक/ए | पीडी | |
| | निधि पांडेय | तकनीशियन/डी | एमएसडी | |
| 3 | अनुज सिंह | प्रवर श्रेणी लिपिक | लेखा | तृतीय |
| | निवेदिता खैरनार | तक. अधिकारी/ई | टीटी एंड सीडी | |
| | प्रथमेश शेलार | श्रेणी-I प्रशिक्षु | - | |
| | हाथी राज | श्रेणी-I प्रशिक्षु | - | |
| | डॉ. रोहिणी गर्ग | वैज्ञा.अधिकारी/एफ | जी एंड एएमडी | |
| 4 | मोहित कुमार | कार्य सहायक/ए | एसईसीटीडी | सांत्वना |
| | अभय यादव | कार्य सहायक/ए | कंप्यूटर प्रभाग | |
| | कांक्षी सिंह | कार्य सहायक/ए | एसईसीटीडी | |
| | प्रदीप अनंत पवार | वरिष्ठ तक./एच | सीडीएम | |
| | साहेबराव निकाळजे | वरि.कार्य सहायक/ए | एसआईआरडी | |

**(9) प्रतियोगिता का नाम : हिंदी टंकण (कंप्यूटर पर) : 10.10.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लवकेश बी. शर्मा | आशुलिपिक-I | निदेशक का कार्यालय | प्रथम |
| 2. | मुदिता दलवी | वरिष्ठ निजी सचिव | एचपी एंड एसआरपीडी | द्वितीय |
| 3. | वी. डी. चिंतनपल्ली | आशुलिपिक-I | निदेशक का कार्यालय | तृतीय |
| 4. | मंगेश सवने | प्रवर श्रेणी लिपिक | यातायात | सांत्वना |

**(10) प्रतियोगिता का नाम : हिंदी एकल गायन 13.10.2025**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तन्मय कोलगे | वैज्ञानिक सहा./एफ | एपीपीडी | प्रथम |
| 2. | डॉ. प्रकाश ई. आर. | तक. अधिकारी/एफ | एसआईआरडी | द्वितीय |
| 3. | संजय यू गवई | तकनीशियन/एफ | सीडीएम | तृतीय |
| 4. | सचिन ए. सोनार | तकनीशियन/एफ | यूईडी | सांत्वना |
| 5. | संतोष एस. परब | फोरमैन/बी 1 | टीएसडी | सांत्वना |

**(11) प्रतियोगिता का नाम : प्रतीक चिह्न (लोगो)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव गुप्ता | वैज्ञा.अधिकारी/एफ | एसआईआरडी | प्रथम |
| 2. | प्रियांका आगवणे | तकनीशियन/एफ | एसआईआरडी | द्वितीय |
| 3. | विनीत मेनन | वैज्ञा.अधिकारी/ एफ | एसईसीटीडी | तृतीय |

## विशिष्ट प्रतिभागिता पुरस्कार विजेतागण

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री रंजीत आर | वरिष्ठ कार्य सहायक/ए | एसआईआरडी, भापअ केंद्र |
| 2. श्री एन. डी. जाधव | वैज्ञानिक सहायक/एफ | ईडी एंड डीडी, भापअ केंद्र |

## हिंदी सितारा पुरस्कार विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री मोहित कुमार | कार्य सहायक/ ए | एसईसीटीडी, भापअ केंद्र |

**शुभकामनाएं**



# भा.प.अ. केंद्र की सुविधाओं में हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा का आयोजन


डीएसयू, नई दिल्ली



भापअकें सुविधा, विशाखापट्टणम

भारत सरकार, राजभाषा विभाग एवं भापअकें मुख्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सितंबर-अक्तूबर, 2025 की अवधि के दौरान मुंबई से बाहर स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई की निम्नवत सुविधाओं में हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

| क्र.सं. | सुविधाओं का नाम |
|---|---|
| 1. | आरएमपी, मैसूरु |
| 2. | भापअकें सुविधा, विशाखापट्टणम |
| 3. | एनसीसीसीएम, हैदराबाद |
| 4. | गोल्स, एएसडी, आबू पर्वत |
| 5. | डीएसयू, नई दिल्ली |

हिंदी के उत्सव की शुरूआत करते हुए सभी सुविधाओं ने अपनी सुविधानुसार उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। विभिन्न सुविधाओं के प्रमुखों ने स्वयं इसमें भाग लिया और इन उत्सवों के साक्षी बनें। सभी ने अपने अधीन कार्यरत स्टॉफ सदस्यों का उत्साह बढ़ाया और राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे वर्तमान प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य हेतु लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया। सभी सुविधाओं में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पुरस्कृत भी हुए।

भापअ केंद्र की सुविधाओं में राजभाषा का यह उत्सव गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफल संपन्न हुआ।


एनसीसीसीएम, हैदराबाद



आरएमपी, मैसूरु



गोल्स, एएसडी, आबू पर्वत

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (वर्ष 1954 में परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान, ट्रॉबे के नाम से स्थापित) के गौरवमय 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वैन डी ग्राफ सुविधा, ट्रॉबे के पास निर्मित 'प्लेटिनम जुबली' फ़व्वारा का विहंगम दृश्य।




**प्रकाशक :**
**हिंदी अनुभाग**
**कार्मिक प्रभाग**
**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**
**सेंट्रल कॉम्प्लेक्स ट्रॉम्बे, मुंबई 400 085**



**संपर्क सूत्र :**
**श्री सैयद इरफ़ान अली**
**उप निदेशक (राजभाषा)**
**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी)**
**परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार**
**ट्रॉम्बे, मुंबई - 400 085 (महाराष्ट्र)**
**ई-मेल : dd_ol@barc.gov.in/adol2@barc.gov.in**